आपके पैर रखेंगे
आपकी सेहत का ख्याल
डा. ऑर्थो एक्यूप्रेशर स्लिपर



पसीना रोधी
फिसलन रोधी
नरम और आरामदायक
रोज़ाना इस्तेमाल

Dr. Juneja's डा.ऑर्थो
All day wear Acupressure
Slippers
A Step towards pain-free life with Acupressure

एक्यूप्रेशर स्लिपर के फायदे:
- ब्ल्ड सर्कुलेशन में सहायक
- सारा दिन पहनने के लिए आरामदायक
- प्रीमियम क्वालिटी, जो दे चलने का सुखद अनुभव
- PVC या प्लास्टिक फ़ुटवियर की तुलना में बेहतर

Contact For Dealership
85588 07777
dealership@divisa.in

## लगातार तीन सत्र में निचला सर्किट लगने से निवेशकों के 20500 करोड़ रुपये डूबे

# बिकवाली की आंधी में फंसे पेटीएम के शेयर

### झटका

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद पेटीएम कंपनी के निवेशक संकट में आ गए हैं। सोमवार को पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस के शेयर 10 फीसदी के निचले सर्किट पर पहुंच गए। इनमें 48.70 रुपये की गिरावट आई। बीएसई पर पेटीएम का शेयर 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 438.35 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह 9.99 प्रतिशत गिरकर 438.50 रुपये पर पहुंच गया।

कंपनी के शेयर में लगातार तीन सत्र में 42 प्रतिशत से अधिक गिरावट आई है। निवेशकों को 20,471.25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

बाजार में पिछले दो दिन की 20-20 फीसदी की गिरावट को देखते हुए बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को कंपनी की सर्किट सीमा 20 से घटाकर 10 फीसदी कर दी थी।

गौरतलब है कि पेटीएम का आईपीओ नवंबर 2021 को आया था। उस समय उसका मूल्य 2150 था। आईपीओ में निवेश करने वालों को अब तक 72 फीसदी का नुकसान झेलना पड़ा है।

### 19 म्यूचुअल फंड कंपनियों का पेटीएम में निवेश



ब्रोकरेज हाउस फिसडम रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, 23 में से 19 एसेट मैनेजमेंट कंपनियों ने पेटीएम में निवेश किया हुआ है। सबसे ज्यादा निवेश इन एएमसी ने किया हुआ है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 31 दिसंबर 2023 तक म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में वन 97 कम्युनिकेशंस ने लगभग 1995 करोड़ रुपये का निवेश किया हुआ था। यह इंडस्ट्री के कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट का 0 .06 फीसदी है। साथ ही किसी भी म्यूचुअल फंड में कंपनी का 2 फीसदी से ज्यादा निवेश नहीं है।

### फेमा के तहत भी कस सकता है शिकंजा

भारत की वित्तीय अपराध-विरोधी एजेंसी पेटीएम के खिलाफ विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन में की भी जांच कर रही है। दो सूत्रों के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय ने केंद्रीय बैंक को पेटीएम के प्लेटफार्मों द्वारा लेनदेन से संबंधित डाटा की तलाश करने के संबंध में पत्र लिखा है। उधर कंपनी ने कहा है कि सेवा सुचारू रखने के लिए वह अन्य बैंकों से बातचीत कर रही है।

### अटकलों से जियो फाइनेंस में उछाल

एक प्रमुख कारोबारी अखबार के मुताबिक खबर आई कि पेटीएम के प्रमुख विजय शेखर शर्मा, मुकेश अंबानी और एचडीएफसी बैंक को पेटीएम का वॉलेट कारोबार बेचने के लिए चर्चा कर रहे हैं, यह खबर चलते ही रिलांयस की जियो फाइनेंस के शेयरों में जबरदस्त खरीदारी देखने को मिली। जियो का शेयर 15 फीसदी से ज्यादा बढ़ते हुए 295.70 तक पहुंच गया।

### जान लीजिए

#### क्या पैसा सुरक्षित है?

जिन ग्राहकों का पैसा पेटीएम वॉलेट में है, वे इसका इस्तेमाल तब तक कर कर सकते हैं, जबतक कि उनकी शेष राशि खत्म न हो जाए। 29 फरवरी के बाद भी पैसा निकाल सकेंगे, लेकिन इस तिथि के बाद नई राशि नहीं जोड़ सकेंगे।

#### क्यूआर कोड चलेगा?

पेटीएम ऐप पर क्यूआर कोड पहले की तरह काम करता रहेगा। चूंकि, अधिकांश क्यूआर कोड यूपीआई आधारित हैं, इसलिए लेनदेन में कोई परेशानी नहीं होगी। लेनदेन सीधे ग्राहक के बैंक खाते से होगा। कार्ड मशीन से भी लेनदेन जारी रहेगा।

#### क्या रिचार्ज हो सकेगा?

कोई भी सेवा बाधित नहीं होगी। इसके तहत ग्राहक अपने सभी बिल पेटीएम ऐप के माध्यम से चुका सकेंगे या रिचार्ज कर सकेंगे। इसके अलावा फिल्म के टिकट बुक करा सकेंगे। अन्य सभी वित्तीय सेवाओं का इस्तेमाल कर पाएंगे।

#### अन्य विकल्प क्या हैं?

20 से अधिक बैंक और गैर–बैंकिंग संस्थाएं वॉलेट सेवा देती हैं। एसबीआई, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, आईडीएफसी, एयरटेल पेमेंट्स बैंक जैसे 37 बैंक फास्टैग सेवा देते हैं। अपने बैंक के मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग या गूगल पे और फोनपे से फास्टैग को रिचार्ज कर सकते हैं।

# सेवा क्षेत्र की गतिविधियां छह माह के उच्च स्तर पर

## कंपनियों को मजबूत मांग से मदद मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में सेवा क्षेत्र का पीएमआई 61.8 पर पहुंच गया। यह पिछले छह महीने में एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स यानी पीएमआई का सबसे अच्छा आंकड़ा है। सेवा क्षेत्र को मजबूत मांग से मदद मिली है। यही कारण है कि यह आंकड़ा अनुमानों से भी बेहतर रहा है। विशेषज्ञों ने उसके 61.2 के नंबर पर रहने का अनुमान दिया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नई निर्यात बिक्री तीन महीनों में सबसे तेज़ गति से बढ़ी है। कंपनियों ने अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका सहित दुनियाभर में ग्राहकों से लाभ का संकेत दिया है। एचएसबीसी इंडिया ने कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स 58.5 से बढ़ाकर 61.2 कर दिया है, जिसमें सेवा क्षेत्र और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर दोनों का ही इंडेक्स शामिल है। यह इंडेक्स छह महीने में सबसे ज्यादा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा प्रदाताओं की लागत भी बढ़ गई है। यह लागत बीते पांच साल में सबसे ज्यादा हो गई है, जो औसत रूप से बढ़ती ही जा रही है। हालांकि, सिर्फ छह फीसदी कंपनियों ने ही लागत बढ़ने की वजह से अपना शुल्क भी बढ़ाया है।



### लगातार 30वें महीने बनी रही इस क्षेत्र में तेजी

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, भारत में नए व्यवसाय का विस्तार तेज गति से हुआ और भविष्य की गतिविधि के लिए प्रबंधकों की उम्मीदें मजबूत बनी हैं। कारोबारी गतिविधि सूचकांक में तेजी आई है, जिससे संकेत मिलता है कि भारत का सेवा निर्यात मजबूत बना हुआ है।

### 50 से ऊपर पीएमआई का मतलब वृद्धि

पीएमआई यानी परचेज मैनेजिंग इंडेक्स के 50 से ऊपर होने का मतलब सेक्टर में ग्रोथ बरकरार होने से होता है। वहीं 50 से कम पीएमआई होने पर पता चलता है कि सेक्टर में संकुचन हुआ है। दिसंबर से पहले के कुछ महीने के दौरान सेवा क्षेत्र का पीएमआई कम भले ही हुआ था, लेकिन 50 से ऊपर बना हुआ था।

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

| सेंसेक्स | | निफ्टी | |
|---|---|---|---|
| 71731 | -354.21 | 21771 | -82.10 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 63,350 | −150 |
| चांदी | 75,500 | −400 |

### करेंसी

डॉलर/रुपया
83.03 -00.05

### सोनी ने नए फैसले पर निराशा जताई

**नई दिल्ली।** सोनी ने सोमवार को कहा कि वह सिंगापुर मध्यस्थता केंद्र के फैसले से निराश है। सिंगापुर मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) ने जी को एनसीएलटी में जाने से रोकने की सोनी की याचिका को रविवार को खारिज कर दिया था। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) और जापान के सोनी समूह की भारतीय शाखा के बीच विलय के लिए एक समझौता हुआ था।

### डॉलर के मुकाबले रुपये में आठ पैसे की गिरावट



**मुंबई।** विदेशों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और घरेलू बाजारों के नकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को पांच पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83 .036 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से स्थानीय मुद्रा को बल मिला और इसकी गिरावट सीमित रही।

### ई-कॉमर्स मंच का बीटा संस्करण पेश किया

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ईईएसएल ने सोमवार को अपने ई–कॉमर्स मंच का बीटा संस्करण पेश करने की घोषणा की। यह मंच ग्राहकों को किफायती ऊर्जा–कुशल उपकरणों और समाधान की पेशकश करेगा। ई–कॉमर्स मंच 'ईईएसएल मार्ट डॉट इन' पर इस समय एलईडी बल्ब, इन्वर्टर एलईडी लैंप और पंखे जैसे ऊर्जा–कुशल उपकरण सूचीबद्ध हैं।

# हुंदै की एलआईसी से बड़ा आईपीओ लाने की योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता हुंदै इस साल के अंत में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये कम से कम तीन अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) जुटाने की योजना बना रही है।

सूत्रों ने कहा कि हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड 3.3-5.6 अरब डॉलर तक पूंजी जुटाने के लिए अपनी 15-20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच सकती है।

कंपनी अगर आईपीओ के लिए आगे बढ़ती है, तो यह 21,000 करोड़ रुपये के एलआईसी के आईपीओ को पीछे छोड़कर भारत में सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम बन जाएगा। इस मुद्दे पर संपर्क करने पर कंपनी ने टिप्पणी करने से इनकार किया। एचएमआईएल ने 1996 में भारत में परिचालन शुरू किया था।

### एलआईसी पहली बार 1000 रुपये के पार

देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का शेयर सोमवार को लगभग छह प्रतिशत उछलकर पहली बार 1,000 रुपये के पार पहुंच गया। इसके साथ एलआईसी का बाजार मूल्यांकन छह लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

## सोना 150 रुपये टूटा, चांदी भी नीचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 150 रुपये की गिरावट के साथ 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

पिछले सत्र में सोना 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 400 रुपये की गिरावट के साथ 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

## 'भारत चावल' की बिक्री आज से होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच सरकार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' बाजार में उतारेगी।

सब्सिडी वाला चावल पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध होगा। खाद्य मंत्री पीयूष गोयल राजधानी के कर्तव्य पथ पर भारत चावल की पेशकश करेंगे।

# तेल कंपनियों ने 69 हजार करोड़ कमाए

### शानदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम विपणन कंपनियों का लाभ चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 69,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो तेल संकट से पहले के वर्षों की उनकी वार्षिक कमाई से कहीं अधिक है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन , भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशल लि. का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में संयुक्त रूप से तेल संकट से पहले के वर्षों में रही 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर है। खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों ने दैनिक मूल्य संशोधन व्यवस्था पर लौटने और उपभोक्ताओं को दरों में आई कमी का लाभ देने की मांग का विरोध किया है। उनका तर्क है कि कीमतें बेहद अस्थिर बनी हुई हैं और उनके पिछले नुकसान की पूरी तरह से भरपाई नहीं हुई है।

### तेल की कीमतों में दो साल से बदलाव नहीं

भारत के लगभग 90 प्रतिशत ईंधन बाजार को नियंत्रित करने वाली तीनों कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में स्वेच्छा से लगभग दो साल से कोई बदलाव नहीं किया है। इसकी वजह से कच्चे तेल की लागत अधिक होने पर नुकसान होता है और कच्चे माल के दाम कम होने से मुनाफा होता है। ईंधन की कीमतों पर रोक छह अप्रैल, 2022 से लगी हुई है।

HCLTech | Supercharging Progress™

**एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड**
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : L74140DL1991PLC046369
पंजीकृत कार्यालय : ८०६, सिद्धार्थ, ९६, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-११००१९
कार्पोरेट कार्यालय : प्लाट नं. ३ए, सेक्टर १२६, नोएडा-२०१ ३०४, उ.प्र., भारत
वेबसाइटः www.hcltech.com, ई-मेल आईडी : Investors@hcl.com
टेलीफोनः +९१ ११ २६४३६३३६

**सूचना**

एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (**"कम्पनी"**) के सदस्यों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, अगर कोई हो, (**"अधिनियम"**), कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 एवं 22 (**"नियम"**) और सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 (**"सेबी सूचीबद्धता विनियमों"**), साथ में पठित कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, तथा बाद में नवीनतम 9/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 इसके संबंध में परिपत्र जारी किए गए है ("सामूहिकतौर पर **एमसीए परिपत्रों**"), और सभी अन्य लागू कानूनों और विनियमों (उनके कोई वैधानिक परिवर्त(नों) या उस समय लागू उसका पुनः अधिनियम) के अनुपालन और अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि डाक मतपत्र सूचना (**"डाक मतपत्र सूचना"**) में निर्धारित किए गए निम्नांकित विशेष व्यवसाय को केवल रिमोट ई–मतदान प्रक्रिया (**"रिमोट ई–मतदान"**) के माध्यम से सदस्यों द्वारा सम्पादित करने का प्रस्ताव है :

- **कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्रीमती भवानी बालासुब्रमण्यम (DIN 09194973) की नियुक्ति**

एमसीए परिपत्रों के अनुसरण में, कम्पनी ने बुधवार, जनवरी 31, 2024 (**"कट–ऑफ तिथि"**) को व्यवसाय समय बंद होने तक कम्पनी के उन सदस्यों को जिन सदस्यों के नाम सदस्यों के रजिस्टर या कम्पनी एवं डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की सूची क्रमशः में दर्ज हैं और जिनके ईमेल पते कम्पनी एवं डिपॉजिटरी के यहां पंजीकृत हैं उन्हें सोमवार, फरवरी 05, 2024 को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा डाक मतपत्र सूचना प्रेषित कर दी है। डाक मतपत्र सूचना दिनांक फरवरी 05, 2024 को कम्पनी की वेबसाइट www.hcltech.com पर, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड ('बीएसई') एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') की वेबसाइटों क्रमशः www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर, और नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

जिन सदस्यों के नाम कट–ऑफ तिथि पर सदस्यों के रजिस्टर और लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज हैं, वे डाक मतपत्र सूचना में बताए गए प्रस्ताव पर मत डालने हेतु योग्य हैं। सदस्यों का मताधिकार कट–ऑफ तिथि को उनके द्वारा धारित प्रदत्त इक्विटी शेयरों के समानुपात में गिना जाएगा। जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं, वे डाक मतपत्र सूचना को केवल जानकारी के रूप में लें।

एमसीए परिपत्रों के अनुसार, कंपनी ने रिमोट ई–मतदान द्वारा संकल्प पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है और इस उद्देश्य के लिए कंपनी ने एनएसडीएल के साथ एक समझौता किया है। रिमोट ई–मतदान के लिए विस्तृत प्रक्रिया और अनुदेश डाक मतपत्र सूचना में वर्णित किए गए है।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि रिमोट ई–मतदान के माध्यम से मत डालने की सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:

| | |
|---|---|
| **रिमोट ई–मतदान की शुरुआत** | मंगलवार, फरवरी 06, 2024 को पूर्वा. 09:00 बजे (भा.मा.सं.) |
| **रिमोट ई–मतदान की समाप्ति** | बुधवार, मार्च 06, 2024 सायं 05:00 बजे (भा.मा.सं.) |

उपरोक्त मतदान अवधि के समाप्त हो जाने पर एनएसडीएल द्वारा मतदान के लिए रिमोट ई–मतदान की सुविधा निर्योग्य कर दी जाएगी।

मेसर्स नित्यानंद सिंह एंड कंपनी, कंपनी सचिव (सदस्यता संख्या एफसीएस 2668, सीपी संख्या 2388) को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से डाक मतपत्र आयोजित करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

जिन सदस्यों ने अपना ई–मेल पते का पंजीकृरण नहीं कराया है, वो इस डाक मतपत्र सूचना को प्राप्त करने के लिए नीचे उल्लिखित प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं:

**भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के लिए:**
भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को पंजीकृत शेयरधारकों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर –1 को फॉर्म में उल्लिखित अपेक्षित दस्तावेजों के साथ हमारे रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर एजेंट को निम्नलिखित पते पर भेजना होगा: लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, यूनिटः एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, सी–101, 247 पार्क, एल.बी.एस. मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई–400 083।

**डिमटेरियलाइज्ड फॉर्म में रखे गए शेयरों के लिए:**
इलेक्ट्रॉनिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने ई–मेल पते, पैन और बैंक खाते के विवरण को डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत/अपडेट करें जहां उनके संबंधित डीमटेरियलाइज्ड खाते रखे गए हैं।

डाक मतपत्र के परिणामों को शुक्रवार, मार्च 08, 2024 सायं 5:00 बजे (भा. मा. स.) को या उससे पहले घोषित किया जाएगा । उसी के साथ ही कंपनी के पंजीकृत कार्यालय तथा उसके मुख्य व्यावसायिक कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। परिणामों को कंपनी की वेबसाइट, एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा और एनएसई और बीएसई को भी सूचित किया जाएगा।

ई–मतदान प्रक्रिया से सम्बन्धित किसी भी पूछताछ हेतु, सदस्य के डाउनलोड अनुभाग www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेस्चन्स ("एफएक्यू") और शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल देखें अथवा टॉल फ्री नं. 1800–1020–990 या 1800–224–430 पर कॉल करें या अपना निवेदन evoting@nsdl.co.in पर भेजें। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान से जुड़ी शिकायतों के समाधान हेतु, कृपया सम्पर्क करें सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक या सुश्री सोनी सिंह, सहायक प्रबंधक, नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चतुर्थ तल, कमाला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापत मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013 से 022–24997000/ 49967000 पर सम्पर्क करें अथवा निर्दिष्ट ई–मेल आईडी – evoting@nsdl.co.in. पर लिखें।

कृते एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड
हस्ता/–
मनीष आनन्द
कम्पनी सचिव
सदस्यता संख्या एफ–5022

दिनांक : फरवरी 05, 2024
स्थान : नोएडा (यू.पी.)

## हिन्दुस्तान नियुक्तियां

**नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्**
(गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान के तहत एक स्वायत्तशासी निकाय)
पालिका केन्द्र, नई दिल्ली-110001

**रोजगार सूचना**

निम्नलिखित पद हेतु स्थायी नियुक्ति के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् में कार्यरत पात्र एवं इच्छुक प्रतिनियुक्तिवादी (deputationists) से **28 फरवरी, 2024 तक** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र. सं. | पद का नाम | समूह | वेतनमान | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ग्रेड-II) | ए | स्तर-11 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार | 01 |

**2.** विभागों, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, पात्रता मानदण्ड एवं अन्य नियमों और शर्तों के संबंध में पूर्ण विवरण हेतु कृपया परिषद् की वेबसाइट **https://www.ndmc.gov.in** देखें।

हस्ता./–
(संजय प्रसाद)
निदेशक (कार्मिक)

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय)

**भर्ती सूचना**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.), द्वारा भा.रा.रा.प्रा. मुख्यालय में आईसीटी परियोजना निगरानी इकाई के लिए **संविदा आधार पर संयुक्त सलाहकार (उत्पाद प्रबंधक) के 01 पद** पर नियुक्ति हेतु खुले बाजार के पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है।
2. पात्रता मानदंड और अन्य शर्तें भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट www.nhai.gov.in पर देखें जा सकते है।
3. **आवेदन जमा करना:** इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने आवेदन **06.03.2024 (सायं 6:00 बजे तक)** भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करें।
4. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/अनुशेष/निरस्तीरण, यदि कोई होगा तो, उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

critique

**भारत सरकार**
**पर्यटन मंत्रालय**
ग्वालियर भुवनेश्वर गोवा नोएडा नेल्लोर

**भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान**
(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी निकाय)
गोविन्दपुरी, ग्वालियर-474011

**निदेशक का चयन**

भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान (सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत) पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी निकाय है जिसकी स्थापना सन् 1983 में हुई। पर्यटन के क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्श प्रदान करने हेतु यह देश का एक प्रमुख संस्थान है। संस्थान के पाँच केन्द्र हैं, मुख्यालय ग्वालियर में तथा भुवनेश्वर, नोएडा, गोवा और नेल्लोर में केन्द्र के रूप में स्थित है। बाजार की आवश्यकता पूर्ति हेतु यह संस्थान एम.बी.ए. (पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन) और बी.बी.ए. (पर्यटन एवं यात्रा) पूर्ण कालिक पाठ्यक्रमों तथा बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरंतर संचालन करता है।

भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान का निदेशक जिस पर संस्थान के प्रबंधन का पूर्ण उत्तरदायित्व है, को इस संस्थान को उत्कृष्टता के साथ दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बैंचमार्क की ओर लेकर जाने की आवश्यकता है, की चयन प्रक्रिया जारी है। निदेशक की नियुक्ति संविदा / अनुबंध के आधार पर 3 वर्ष अवधि के लिए होगी जिसका विस्तार संस्थान के भर्ती नियमों एवं प्रकरण की योग्यता के आधार पर होगा।

वेतन स्तर– 15 (7वें सीपीसी) में अनुबंध के आधार पर आईआईटीटीएम के निदेशक पद के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। वेतनमान और संबंधित लाभ, योग्यता, अन्य पात्रता शर्तें और आवेदन के विवरण के साथ इस रिक्ति के लिए परिपत्र www.tourism.gov.in या www.iittm.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

पूर्ण व सीलबंद आवेदन के लिफाफे जिसके कवर पर **"निदेशक– भा.प.या.प्र.सं. के पद के लिए आवेदन"** बड़े अक्षरों में लिखा हो, डायरेक्टर (एचआरडी), पर्यटन मंत्रालय, ईस्ट विंग, 7th फ्लोर, चंद्रलोक बिल्डिंग, 36 जनपद, न्यू दिल्ली– 110011 के कार्यालय में 20 फरवरी 2024 को सायं 5 बजे तक पहुंचना सुनिश्चित हो।

**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

**मानव संसाधन प्रभाग, प्रधान कार्यालय**
**प्लाट नं. 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली–110075**

**सूचना**


**पंजाब नैशनल बैंक निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:–**

| पोस्ट कोड | पद का नाम | ग्रेड/स्केल | रिक्तियों की संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अधिकारी–ऋण | जेएमजीएस I | 1000 | 36000-1490/7-46430-1740/2-49910-1990/7-63840 |
| 02 | प्रबंधक–फॉरेक्स | एमएमजीएस II | 15 | 48170-1740/1-49910-1990/10-69810 |
| 03 | प्रबंधक–साइबर सुरक्षा | एमएमजीएस II | 05 | 48170-1740/1-49910-1990/10-69810 |
| 04 | वरिष्ठ प्रबंधक-साइबर सुरक्षा | एमएमजीएस III | 05 | 63840-1990/5-73790-2220/2-78230 |
| **कुल** | | | **1025** | |

आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम के द्वारा दिनांक 07.02.2024 से 25.02.2024 तक भरे जायेंगे। विस्तृत विवरण तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु, कृपया बैंक की वेबसाइट **www.pnbindia.in** पर जाएं।

किसी भी पूछताछ हेतु कृपया **recruitmentho@pnb.co.in** पर मेल करें।

**दिनांक: 03.02.2024** **महाप्रबंधक (एचआरडी)**




भारत इलेक्ट्रॉनिक्स BHARAT ELECTRONICS
QUALITY, TECHNOLOGY, INNOVATION
**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**
(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उद्यम)
(सी.आई.एन : L32309KA1954GOI000787)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के अधीन नवरत्न वर्ग का केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को अपनी कोटद्वार स्थित इकाई, बलभद्रपुर, कोटद्वार - 246 149, ज़िला – पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) में तीन सुरक्षा हवलदार (अनारक्षित - 02, अन्य पिछड़ा वर्ग - गैर क्रीमी - 01) स्थायी आधार पर आवश्कता है!

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://www.bel-india.in पर CAREERS लिंक देखें।

आवेदन करने की अंतिम दिनांक - 27.02.2024

**प्रबंधक (मा.सं.)**
फोन: 01381 - 236450

**SLC (University of Delhi)**
**Shyam Lal College, Shahdara, Delhi-110032**

Ref. No. SLC/Recruit/2024/5631 30.01.2024
Online Applications are invited from the eligible candidates for appointment to the following Non-Teaching post on permanent basis latest by 23.02.2024 or two weeks from the date of publication of the advertisement in the Employment Newspaper, whichever is later. For more details please see College website www.slc.du.ac.in and click Jobs Opportunity.

| S. No. | Name of the Post | Pay Level | No. of Post | Category | Max. Age |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Senior Personal Assistant | 07 | 1 | UR | 35 |

Note: 1. UR- Unreserved
2. The candidates are instructed to read carefully the eligibility criteria along with the general instructions before filling the application form uploaded on the College website.
3. The College reserves the right to change the nature or number of Post advertised.
4. Any addendum/corrigendum shall be posted on the College website only.
5. The earlier advertisement in Newspaper/DU/College website regarding filling up above mentioned vacant post of the Non Teaching staff stands cancelled. Those who already applied may apply afresh.

Principal